Reg. No. | | | | | | | | | |

BBAHDL 154/BBMHDL 154

Credit Based Second Semester B.B.A./B.B.M. Degree Examination, April/May 2018
(2015-16 Batch Onwards)
HINDI LANGUAGE (Group – I) (Paper – II)

Time : 3 Hours   Max. Marks : 80

I. एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर लिखिए : (1×5=5)

1) चूडामणि कौन है ?

2) सरयू भैया की कितनी बेटियाँ है ?

3) 'पहाडी शिक्षा' के लेखक कौन है ?

4) स्वामी दयानंद के गुरु का नाम क्या था ?

5) शनि को क्या कहते हैं ?

II. किन्हीं तीन अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : (5×3=15)

1) यदि यह बकरी इस औरत के पास रही तो कुआँ क्या सब सूख जाएगा, आग बरसेगी आग ।

2) मैं आसरम में आग लगाऊँगा ।

3) कोई छोटा-बड़ा बन के नहीं आया । सब बराबर बन के आए ।

4) आप लोगों का अज्ञान जेहल ही है, अब यह जीत के आर लूटेंगे, पहले बकरी का नाम लेकर लूटते थे अब आपका ही नाम लेकर लूटेंगे ।

III. अ) किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए : (10×2=20)

1) पठित कहानी के आधार पर चूड़ामणि का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

2) 'शनि सबसे सुन्दर ग्रह' पाठ का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

3) 'स्वामी दयानंद' निबन्ध का सार लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

4) 'सरयू भैया' के जीवन स्थिति का वर्णन कीजिए ।

आ) 'बकरी' नाटक का सारांश लिखिए । 10

अथवा

'बकरी' नाटक के आधार पर युवक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

IV. अ) किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (1×5=5)

1) शनि की सुन्दरता ।

2) ममता ।

आ) किसी **एक** विषय पर टिप्पणी लिखिए : (1×5=5)

1) सत्यवीर ।

2) दुर्जन ।

V. अ) बैंक के अनुवाद ब्यूरो में सहायक निर्देशक पद के लिए डॉ. सुरेश शास्त्री के नाम एक स्ववृत्त तैयार कीजिए । 5

आ) गद्यांश लेख को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5×1=5)

''ऐतिहासिक नगरी आगरा के निकट सतत प्रवाहिनी नीली-धारावाली यमुना के दाहिनी तट पर ताजमहल स्थित है । बादशाह शाहजहाँ ने इसे आपनी बेगम मुमताज की स्मृति में बनवाया था । अपने पति से बेगम ने इस असार संसार से विदा लेते समय निवेदन किया था कि, 'मेरी मृत्यु होने पर एक ऐसा मकबरा बनवाना जो संसार में सबसे सुन्दर एवं स्थायी हो ।' बादशाह ने अपनी प्राणेश्वरी की अंतिम आकांक्षा की पूर्ति का भरसक प्रयास किया । इसको उसमें सफलता भी मिली । ताजमहल संसार के सात आश्चर्यों में से एक है । वर्षों के बाद भी वह अपने यथावत् रूप में दर्शकों के मन को मोह रहा है । सैकड़ो कारीगरों एवं मजदूरों के निरंतर बीस-वर्ष के परिश्रम का परिणाम यह ताजमहल" है । इसके बनवाने में बाईस करोड़ो रुपया खर्च हुआ था ।

1) ताजमहल किस नगर में स्थित है ?

2) ताजमहल को किसने बनवाया ?

3) ताजमहल को किसकी अंतिम आकांक्षा की पूर्ति के लिए बनवाया गया ?

4) ताजमहल के निर्माण में कितने वर्ष लगे ?

5) ताजमहल को बनवाने में कितने रुपये खर्च हुए ?

VI. किन्हीं **दो** विषय पर टिप्पणी लिखिए : (5×2=10)

1) प्रयोजनमूलक हिन्दी : प्रासंगिकता ।

2) संचार भाषा और हिन्दी मीडिया ।

3) सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी ।

———————